COLLEGE OF TECHNOLOGY AND ENGINEERING
Maharana Pratap University of Agriculture and Technology

UDAIPUR – 313001 (India)

*Dr. S.S. Rathore*
*Professor & Dean*

No.CTAE/Press Note/Gen/2017/2888
Dated: 18.04.2017

# <u>प्रेसविज्ञप्ति</u>

**उदयपुर!** केंद्रीय मानव विकास संसाधन मंत्रालय की ओर से देश में डिजीटल क्रांति लाने के लिए अक्टूबर **2016** से अप्रैल **2017** तक स्मार्ट इंडिया हैकथॉन **2017** का आयोजन किया गया जिसका ग्रैंडफिनाले **1**और**2**अप्रैल **2017** को देश में **26** सेंटर पर आयोजित किया गया। जिसके तहत देशभर के विभिन्न इंस्टीटूट्स के **10** हज़ार से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न मंत्रालयों से जुडी **598** समस्याओ का डिजीटल समाधान निकाला । इस प्रतियोगिता में उदयपुर संभाग से सर्वाधिक **18**छात्रों (**3**टीम ) का चयन प्रद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय से हुआ। प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों ने लगातार **36** घंटो तक काम कर के विभिन्न मंत्रालयों से जुडी समस्याओं के समाधान एवं सुझाव दिए एवं डॉ. सुनीलजोशी (हेड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग एवं स्टेट कोऑर्डिनेटर स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन **2017** ने बताया की पहली टीम भाभा ग्यान ने परमाणु एवं ऊर्जा विभाग की समस्या का डिजीटल समाधान सुझाया जिसका नोडल सेंटर वेलिंगकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट **ए** मुंबई रहा । वहाँ छात्रों ने केंद्रीय मानव विकास संसाधन मंत्री श्रीप्रकाश जावड़ेकरजी एवं एआईसीटीई के चेयरमैन प्रोफेसर अनिल सहस्त्रबुद्धे से मुलाकात की उन्होंने भी प्रतियोगिता में भाग ले रहे छात्रों का उत्साह वर्धन किया । छात्रों ने **36** घंटे के अंदर एक एंड्राइड एप्प समस्या के समाधान के लिए बनाई जिसके जरिये परमाणु विभाग की विभिन्न सेवाएं एवं परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोगो को आम जनता तक पहुंचाएगा जिसका नाम छात्रों ने भाभा ग्यान रखा । छात्रों ने परमाणु एवं ऊर्जा विभाग के कर्मियों से खूब प्रशंसा प्राप्त की व नोडल ऑफिसर एवं सेक्रेट्री परमाणु ऊर्जा विभाग श्री आर. बालसुब्रमयनं ने भी टीम कि खूब सराहना की और प्रतियोगिता का अंत होते ही टीम लीडर को मेल के ज़रिए उनके प्रोजेक्ट का प्रेज़ेंटेशन माँगा ताकि परमाणु ऊर्जा विभाग उसे आगे ले जा सके । महाविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के तृतीया वर्ष छात्र शिवम्मिश्रा टीम लीडर रहे एवं टीम में महाविद्यालय के छात्र शिवांश गौतम अभिषेक आचार्य हितेश शर्मा पियासीमित्रा एवं लोकेश गर्ग रहे । अंत में टीम ने शीर्ष **10** में स्थान प्राप्त किया एवं भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर श्री के.एन. व्यास के हाथो ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्राप्त किये।

दूसरी टीम क्रेजीटेकी◌ेसने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समस्या का डिजीटल समाधान सुझाया जिसका नोडल सेंटर सी.वी. रमन कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग **ए** भुबनेश्व ररहा । वहाँ छात्रों ने पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस

विभाग के केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्रप्रधानजी से मुलाकात की एवं मंत्रीजी ने भी प्रतियोगिता में भाग ले रहे छात्रों का उत्साहवर्धन किया। छात्रों ने **36** घंटे लगातार काम करके एक ऐसा वेबपोर्टल का डेमो बनाया जिसके जरिये साइंस एक्सप्रेस के क्राउड को मैनेज करने की क्षमता वर्तमान की क्षमता से दस गुना हो जाएगी और छात्रों ने वेब पोर्टल का नाम पाइप लाइन सिस्टम दिया। छात्रों ने वहाँ देशभर से आयी हुई विभिन्न टीमों से बातचीत की। टीम ने वहाँ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कर्मियों से प्रशंसा प्राप्त की। महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष छात्र नमन सिसोदिया टीम लीडर रहे एवं टीम में महाविद्यालय के छात्र हिमांशु बत्रा **ए** युसूफ दलाल **ए** मानवी अग्रवाल **ए** पुनिता ओझा एवं योगेश मेघवाल रहे। अंत में टीम ने शीर्ष **12** में स्थान प्राप्त किया औरविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से दस हज़ार रुपये का नकद पुरस्कार **ए** ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्राप्त किये।

तीसरी टीम अफिसिओनडोस ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की समस्या का डिजीटल समाधान सुझाया जिसका नोडल सेंटर गिरिजानंद चौधुरी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी **ए** गुवाहाटी रहा। वहाँ छात्रों ने श्री रविन्द्र चौधरी **ए** डायरेक्टर **ए** उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय से मुलाकात की। छात्रों ने **36** घंटे लगातार मेहनतकर के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के मेडिकल की फील्ड में विकास के लिए एक एंड्राइड एप्प का डेमो बनाया जिसके जरिए उत्तर पूर्व कि आम जनता कैंसर से जुडी जानकारी एवं उसके लक्षण के बारे में जान सकते है। इसके आलावा एप्प के जरिए आम जनता कैंसर का इलाज करने वाले हॉस्पिटल एवं डॉक्टर क बारे जानकारी ले सकते है एवं इमरजेंसी में एप्प क जरिये एम्बुलेंस को भी बुला सकते है। छात्रों ने एप्प का नाम कैंसर एंटी डोट रखा। महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र सार्थकसिंह राजावत टीम लीडर रहे एवं टीम में महाविद्यालय के छात्र नंदन झा **ए** हर्ष सोनी **ए** तन्वी कछवाहा **ए** कोमल खत्री एवं प्रतीक्षा जैन रहे। अंत में टीम ने शीर्ष **10** में स्थान प्राप्त किया और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्राप्त किये। छात्रों की इस उपलब्धि पर महाविधालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.एस राठौर जी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि राष्ट्रिय स्तर पर हमारे महाविधालय से ग्रैंड फिनाले के लिए इतने छात्रों का चयन एवं प्रतियोगिता में उनकी उपलब्धि अत्यंत गौरव का विषय है। महाविधालय से हर संभव मदद के लिए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों ने अधिष्ठाता डॉ. एस.एस राठौरजी एवं डॉ. सुनील जोशी (हेड **ए**इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग एवं स्टेट कोऑर्डिनेटर स्मार्टइंडिया हैकाथॉन **2017 द्ध** को धन्यवाद दिया।

इस उपलब्धि की रिपोर्ट माननीय कुलपति प्रोफेसर उ. श. शर्मा को प्रस्तुत की गयी जिन्होंने छात्रों को इस तरह की प्रतियोगिता मे आगे भी भाग लेने के लिए विश्वविधालय से हर तरह कि सहयोग का आशवासन दिया।

डॉ. एस.एस. राठौर
अधिष्ठाता

श्रीमान संपादक..........................................




टीम भाभा ग्यान डायरेक्टर बी.ऐ.आर.सी. श्री के.एन. व्यास जी से ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्राप्त करते हुए




टीमक्रेजीटेकी◌ेस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से प्राप्त अपनी पुरस्कार राशि के साथ।